54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.5°c अधिकतम 23.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:59, सूर्यास्त - 6:07 | वर्ष : 54/ अंक : 44 | शनिवार, 14 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

खुश रहने का सबसे आसान तरीका है उम्मीदे कम और आभार ज्यादा रखना।

यूपी की 9 साल की यह यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है, कर्फ्यू से कानून की यात्रा है : योगी



कानून तोड़ने की कोई सोचता नहीं.... कर्फ्यू की बात हो गयी है अब तो पुरानी....

# ‘शुक्रवार’ को ‘शुभ’ दिन बताकर कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कम्प

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** ई-मेल के माध्यम से मुजफ्फरनगर कोर्ट परिसर को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी। यूं तो खूफिया विभाग मेल की इस जांच में जुट गया है मगर यह साफ प्रतीत हो रहा है कि ई-मेल इस्लाम आतंकवाद फैलाने वालों द्वारा ही किया गया है, क्योंकि मेल में कोर्ट परिसर को उड़ाने की धमकी के साथ-साथ शुक्रवार को शुभ दिन लिखा था। अब यह शुभ दिन किसका होता है, यह देश के बच्चे-बच्चे को पता है। जैसे ही उक्त ई-मेल जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की सरकारी मेल पर आई तो तत्काल जिलाधिकारी व एसएसपी ने इसका संज्ञान लेते हुए एलआईयू टीम, डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ते को कचहरी के चप्पे-चप्पे पर उतार दिया मगर हासिल कुछ न हुआ क्योंकि आतंकी कभी भी कोई बम विस्फोट धमकियां देकर नहीं करते। ठीक 1.25 मिनट पर एक साथ 17 बम ब्लास्ट करने की धमकी ई-मेल के द्वारा दी गयी। कचहरी परिसर के साथ-साथ एकाएक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने सड़कों पर पैदल मार्च निकाला। फिलहाल उक्त ई-मेल की जांच में पूरा विभाग जुट गया है। आपको बता दें कि मुजफ्फरनगर के साथ-साथ यह ईमेल मेरठ, वाराणसी और अयोध्या के जिलाधिकारियों की ईमेल पर भी पहुंचाया गया।





## इंटेलिजेंस टीम ने शहर में सघन चेकिंग अभियान

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर इंटेलिजेंस टीम ने शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। जनपद मुजफ्फरनगर में आज देर शाम महाशिवरात्रि के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शहर के हृदयस्थली शिव चौक सहित प्रमुख शिव मंदिरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल तैनात किया गया है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। इंटेलिजेंस टीम ने बताया कि महाशिवरात्रि के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। एलआईयू इंस्पेक्टर आकाश सक्सेना व शहर कोतवाल बबलू कुमार ने डॉग स्क्वायड टीम सीएफएल टीम व इंटेलिजेंस टीम के साथ मिलकर शिव चौक गोल मार्किट भगतसिंह रोड एसडी मार्किट सहित अन्य कई भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

## लखनऊ, अयोध्या व काशी समेत 19 कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

**अयोध्या, 13 फरवरी (एजेंसी)।** यूपी में लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी समेत 19 जिलों की कचहरी में बम विस्फोट करने की धमकी भरे मेल से हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही कचहरी परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया है। इस घटना के मद्देनजर पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कचहरी को वकीलों व वादकारियों से खाली कराया जा रहा है। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और परिसर की गहन तलाशी ली जा रही है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। धमकी भरे मेल की जांच की जा रही है कि यह किसने और क्यों भेजा है। सीजेएम ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल ली है। सीओ सिटी सहित काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। फिलहाल, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। सूत्रों का कहना है कि धमकी भरा मेल जिला जज की मेल आईडी पर आया था। हिंदी में लिखे गए मेल में कहा गया था कि आज दोपहर डेढ़ बजे जुम्मे के बाद कचहरी को बम से उड़ा दिया जाएगा। बच सको तो बच लो। लखनऊ के सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने के बाद कोर्ट परिसर में जांच और सुरक्षा एजेंसीयां पहुंची हैं। स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर अफसर मौजूद हैं। एलआईयू, बीडीडीएस और डॉग स्क्वाड के साथ सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कोर्ट के सभी एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स पर सुरक्षाकर्मी सतर्क हो गए है। फिलहाल कोर्ट का कामकाज रोक दिया गया है और कैसरबाग स्थित सिविल कोर्ट में ढूंढने के लिए फोर्स सर्च ऑपरेशन चला रही है।

## नया मोबाइल न मिलने पर महिला ने फंदे से लटक कर आत्महत्या की

**मीरापुर, 13 फरवरी (बु.)।** गांव खेड़ी सराय में एक महिला ने नया मोबाइल न मिलने से नाराज होकर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीरापुर थाना क्षेत्र के गाँव खेड़ी सराय निवासी प्रेमो पत्नी कांति प्रसाद ने बताया कि उसके पुत्र आशीष शर्मा ने तीन वर्ष पूर्व राधिका उर्फ खुशनसीब के साथ प्रेम विवाह किया था तथा करीब डेढ़ माह पूर्व आशीष उड़ीसा में कपड़े की फेरी का काम करने गया था। उन्होंने बताया कि गुरूवार की शाम राधिका अपने पति आशीष से फोन पर बात करके नया मोबाइल लेने के लिए 10 हजार रुपए मांग रही थी, तो उसने दो हजार रुपए भेजकर कुछ दिन बाद मोबाइल दिलाने को कहा था। शुक्रवार की सुबह प्रेमो जंगल गई हुई थी करीब 11 बजे राधिका ने पशुओं के बाड़े की छत में लटके फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली, जिसको देखकर उसका दो वर्षीय पुत्र वंश लगातार रोता रहा, जब पड़ोसी महिला ऊषा ने वहां जाकर देखा, तो राधिका फंदे पर लटकी हुई थी। इसके बाद उसने उसकी सास प्रेमो सहित अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना के बाद सीओ जानसठ





रूपाली राव, नायब तहसीलदार अजय सिंह, इंस्पेक्टर राजीव शर्मा मौके पर पहुंच गए तथा शव नीचे उतारकर परिजनों से पूछताछ की। इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने बताया कि मृतका की सास के अनुसार वह अपने पति से नया मोबाइल दिलाने की मांग कर रही थी। प्रथमदृष्ट्या प्रतीत हो रहा है कि महिला ने आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मेरठ कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी : कैंपस को खाली कराया

**मेरठ, 13 फरवरी (एजेंसी)।** मेरठ के जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। शुक्रवार को ई-मेल के जरिए जानकारी मिलते ही को कोर्ट में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। एहतियातन तौर पर पूरे कचहरी परिसर को तुरंत खाली कराया गया। आम लोगों और अधिवक्ताओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मौके पर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड सर्चिंग कर रहे हैं। टीमों ने कचहरी के विभिन्न भवनों, अदालत कक्षों और संवेदनशील हिस्सों की सघन तलाशी ले रहीं हैं। सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य गेटों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। परिसर में आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी गई। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल तैनात कर आसपास के इलाकों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई।

### करंट की चपेट में आकर कर्मचारी की मौत

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड पर पेपर मिल में वैल्डिंग करते हुए करंट लगने से कर्मचारी की मौत हो गयी। हादसे से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर आयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।



मध्यप्रदेश का पन्ना निवासी दुर्गेश भोपा रोड पर पेपर मिल में अपने कर्मचारियों के साथ वैल्डिंग का काम कर रहा था। अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। अन्य कर्मचारियों ने मिल प्रबंधन को सूचना देकर उसे उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। हादसे की जानकारी मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया दिया है।

### देहरादून में जिम से लौट रहे कथित गैंगस्टर विक्रम शर्मा की गोली मारकर हत्या

**देहरादून 13 फरवरी (वार्ता)** उत्तराखंड में देहरादून के राजपुर रोड स्थित सिल्वर सिटी मॉल के जिम से नीचे उतरते समय दो अज्ञात हमलावरों ने विक्रम शर्मा नामक व्यक्ति पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने शुक्रवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान विक्रम शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि विक्रम पर 50 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। झारखंड पुलिस से संपर्क करने पर जानकारी मिली कि इन मामलों में हत्या जैसे गंभीर अपराध भी शामिल हैं और उसका संबंध झारखंड के आपराधिक गिरोहों से रहा है। पुलिस गैंगवार, आपसी रंजिश या किसी पुराने विवाद की संभावना के एंगल से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जब किसी व्यक्ति पर इतने अधिक आपराधिक मामले दर्ज हों, तो रंजिश या गिरोहबाजी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी एंगल से विभिन्न टीमों का गठन कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और संदिग्धों की तलाश में दबिश दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की गहन जांच के बाद ही हत्या के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो पाएगी।



## वैलेन्टाइन डे से पहले कमल सिनेमा के पब्जी कैफे में फिर मिली आपत्तिजनक सामग्री

**हिन्दू संगठनों ने सभी होटलों को दी चेतावनी**

**मुजफ्फरनगर।** आशिकों व अंग्रेजों के पर्व वैलेन्टाइन डे से पहले हिन्दू संगठनों ने हौसला दिखाते हुए शुक्रवार को विभिन्न रेस्टोरेंट्स में जाकर बाकायदा अपने लैटर हेड पर लिखकर होटल मालिकों को सौंपा कि कल वैलेन्टाइन डे पर उनके होटलों में कोई भी प्रेमी जोड़ा आपत्तिजनक हालत में अथवा नाबालिग मिला तो होटल मालिकों की खैर नहीं। उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। जैसा कि क्रान्ति सेना के पदाधिकारियों ने पहले से ही लठ पूजन कर यह तय किया था कि किसी भी सूरत में वैलेन्टाइन डे के नाम पर अश्लीलता नहीं परोसने दी जाएगी उसी के अनुरूप शुक्रवार को क्रान्ति सेना महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी व शिवसेना के जिलाध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा व क्रान्ति सेना के जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी अपनी टीम के साथ रोडवेज बस स्टैंड, विश्वकर्मा चौक व रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कैफे सेंटरों व रेस्टोरेंट्स पर पहुंचे जहां उन्होंने अलग-अलग रेस्टोरेंट को सभ्यता के दायरे में अनुरोध करते हुए यह बताया कि यदि कल किसी भी रेस्टोरेंट्स में नाबालिग युवक-युवती प्रेम की पींगे लड़ाते मिले अथवा कोई बालिग जोड़ा अश्लील हरकत करते हुए मिला तो इसका अंजाम कैफे व रेस्टोरेंट्स मालिकों को भुगतना पड़ेगा। बाकायदा लिखित में रेस्टोरेंट्स स्वामियों को अपना पत्र दिया गया, जिस पर रेस्टोरेंट्स मालिकों से उपरोक्त अनुरोध किये गए। आपको बता दें कि हर वर्ष विभिन्न हिन्दू संगठन समाज को सुधारने के लिए यह घोषणा करते हैं कि किसी भी रेस्टोरेंट्स में वैलेन्टाइन डे के दिन कोई मर्यादा लांघता न मिले, उसी के चलते आज हिन्दू संगठनों ने अपनी मुहिम शुरू की और शनिवार को भी यह मुहिम वैलेन्टाइन डे के दिन जारी रहेगी।



### कमल सिनेमा के सामने पब्जी कैफे में मिली आपत्तिजनक सामग्री, दरवाजे किये गए बंद

*मुजफ्फरनगर। हिन्दू संगठन जैसे ही कमल सिनेमा के पब्जी कैफे पहुंचे तो पब्जी कैफे सेंटर में हड़कम्प मच गया, क्योंकि इसके संचालकों की काली करतूत खुलने जा रही थी। सूचना मिली थी कि उक्त सेंटर में तीन जोड़े अय्याशी के लिए पहुंचे हैं। जैसे ही हिन्दू संगठन से जुड़े बिट्टू सिखेड़ा, पूनम चौधरी वहां पहुंचे तो कैफे सेंटरों के संचालकों ने उनके लिए द्वार ही बंद कर दिये। इस पर सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी गयी, बाद में मीडिया वहां पहुंची और दरवाजे खुलवाए गए तो कैफे सेंटर के अंदर से आपत्तिजनक सामग्री पकड़ी गयी। हिन्दू संगठनों को समझा-बुझाकर और कार्रवाई का भरोसा देकर वहां से लौटा दिया गया। अब देखना यह होगा कि हर बार की भांति यह कैफे सेंटर कितने दिन सीज होता है और पुनः कब तक खुल जाता है व किन किन धाराओं में इस सेंटर पर कार्रवाही की जाती है।*

## महाशिवरात्रि के लिए सजने लगे मंदिर, गूंज रहा कांवड़ियों को बम-बम घोष

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** महाशिवरात्रि के नजदीक आते ही जहां मंदिरों में जलाभिषेक की तैयारियां जोरों पर हैं, वहीं हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचने वाले शिवभक्तों की रफ्तार भी बढ़ रही है। इस मौसम में हालांकि काफी कम शिवभक्त चलते हैं, उनके लिए इक्का दुक्का शिविर में उनके ठहरने और भोजनादि की व्यवस्था चल रही है। शिवचौक पर भगवान आशुतोष की परिक्रमा करते हुए शिवभक्त पुरा महादेव व अन्य शिवालयों की ओर बढ़ रहे हैं। पुलिस इस मौके पर विशेष सुरक्षा की तैयारी में जुटी है। आशुतोष शिव शंकर और मां पार्वती के विवाहोत्सव का पर्व महाशिवरात्रि रविवार को मनाया जाएगा। इसके लिए तमाम शिवालयों में पूजा अर्चना ओर जलाभिषेक के लिए तैयारियों का दौर चल रहा है। शिवचौक, अनंतेश्वर महादेव, गणपति धाम समेत तमाम मंदिरों में इस अवसर पर भगवान शिव के जलाभिषेक की तैयारी चल रही है। हरिद्वार से गंगाजल लाने वाले शिवभक्तों के साथ तमाम स्थानीय शिवभक्त इस मौके पर जलाभिषेक करेंगे। मंदिरों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया जा रहा है।

नगर में शिवभक्तों के लिए लगे रामपुर तिराहा, गाजावाली पुलिया पर लगे शिविरों में विश्राम के साथ भोजनादि की सुविधा है। यहां रुक कर शिवभक्त आगे अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। पंचांग के अनुसार महा शिवरात्रि की पावन तिथि 15 फरवरी 2026 की शाम 05:04 बजे से शुरू होकर 16 फरवरी 2026 की शाम 05:34 बजे तक रहेगी। चूंकि 15 फरवरी 2026 की रात में चतुर्दशी तिथि मौजूद रहेगी इसलिए महा शिवरात्रि का पावन पर्व 15 फरवरी रविवार को मनाया जाएगा। महा शिवरात्रि का व्रत 15 फरवरी 2026 को रखा जाएगा। व्रत का आरंभ 15 फरवरी के सूर्योदय के साथ होगा और समापन अगले दिन यानी 16 फरवरी 2026 के सूर्योदय के बाद होगा। शिवरात्रि व्रत पारण का समय 16 फरवरी की सुबह 06:59 से दोपहर 03:24 बजे तक रहेगा।





## होटल संचालक की बेहूदगी : विज्ञापन बनाकर युवक- युवतियों को बिस्तर पर पहुंचने का दिया संदेश

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** आए दिन अय्याशी के अड्डे मिलने के बाद भी होटल संचालकों की बेशर्मी सिर चढ़कर बोल रही है। शहर के बीचोंबीच सिविल लाइन थाने के एक होटल के स्वामी ने एक युवक-युवती को लेकर वैलेन्टाइन डे का एक विज्ञापन बनवाया। उक्त विज्ञापन में शुरूआत में एक युवक एवं युवती होटल के अंदर प्रवेश करते हैं। गुलाब की पंखुड़ियों से युवक युवती का स्वागत करता है, जिसके बाद प्यार का इजहार करने के लिए उसे कुर्सी पर बैठाता है और फिर शानदार मॉकटेल आती है। मॉकटेल आने के बाद दोनों खिलखिलाते हैं और एक कमरे के अंदर पहुंच जाते हैं। कमरे में बिस्तर पर गुलाब की पंखुड़ियां बिखरी होती हैं और दीवार पर दिल बना हुआ दिखाया गया है। चंद सैकेंडों में विज्ञापन में दिखाया गया कपल बिस्तर पर लेट जाता है और एक दूसरे की ओर देखना शुरू कर देता है। होटल मालिक द्वारा बनाए गए इस विज्ञापन में इससे आगे कुछ न दिखा पाना उसकी मजबूरी ही लग रहा है नहीं तो पूरे विज्ञापन में यह साफ प्रतीत हो रहा है कि होटल मालिक किस तरह से नौजवान पीढ़ी को बिगाड़ने के लिए अपने होटल के लिए निमंत्रण दे रहा है कि युवक-युवती यहां आएं और बिस्तर तक पहुंच जाएं। हालांकि इस मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

### नगर के संभ्रान्त नागरिकों ने उक्त वीडियो देखने के बाद उसे सोशल मीडिया से हटवाया

*मुजफ्फरनगर। उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर देखे जाने के बाद जब इस वीडियो पर आपत्ति उठने लगी तो नगर के संभ्रान्त लोगों ने सिविल लाइन पुलिस को इसकी सूचना दी और कहा कि यदि कल इस होटल में किसी भी प्रकार की कोई अश्लीलता पकड़ी गयी तो इसकी जिम्मेदार खुद सिविल लाइन पुलिस होगी। तत्काल पुलिस ने होटल मालिक को कॉल किया और उक्त अमर्यादित वीडियो को तत्काल हटवाया गया।*



## ब्रेन हैमरेज से शिक्षक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** पुरकाजी ब्लॉक के गांव बढ़ीवाला कम्पोजिट स्कूल में तैनात शिक्षक वैभव सिंघल की ब्रेन हैमरेज के चलते मौत हो गई। वे मेरठ के डीपीएस स्कूल में सीटीईटी का एग्जाम देने गए हुए थे। वहीं क्लास रूम में उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ। अब उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। नई मंडी में श्मशान घाट पर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने यहाँ पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामरतन वर्मा ने कहा कि टीईटी का दानव एक और जिंदगी लील गया। नौकरी बचाने की चाह में सहायक अध्यापक टीईटी की पात्रता परीक्षा पास करने का तनाव ले रहे हैं। सरकार यदि चाहे तो कार्यरत शिक्षकों को इस दानव रूपी बाध्यता से छूट दे सकती है।

### बीएसए-बीईओ नहीं आये

**मुजफ्फरनगर।** अंतिम संस्कार के दौरान अप जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार मानवता के नाते श्मशान घाट पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामरतन वर्मा ने कहा की विभाग के मुखिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व पुरकाजी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी यहाँ तक नहीं पहुंचे। वहीं एडीएम ने दिल जीत लिया।

# डिस्ट्रिक्ट बार ऐसोसिएशन चुनाव में दिखा जोश

**हंगामे और थोड़ी बाधा के बीच 80.22 प्रतिशत मतदान ▸ आज सुबह से गिनती के बाद खुलेगा भाग्य का पिटारा**

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** पांच गुटों के जोश के बीच डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के लिए मतदान आज संपन्न हो गया। कुल 80.22 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। आज 2382 में से 1911 अधिवक्ताओं ने अपना वोट डाला। सुबह से ही वोटिंग को लेकर तमाम उम्मीदवारों की सरगर्मियों के बीच कचहरी परिसर में पूरा दिन गहमागहमी रही। अपराह्न कुछ विवाद और हंगामे के बीच मतदान करीब पंद्रह मिनट बाधित रहा, हालांकि इसके बाद सामान्य ढंग से वोट डाले गए। बाधा के बाद वोटिंग का समय छह बजे तक बढ़ा दिया गया था। आज 23 पदों के लिए 71 उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर आज पूरा घस्समघस्सा का माहौल रहा। अधिवक्ता दिग्गजों की चुनाव मैदान में मौजूदगी ने चुनाव को बेहद रोमांचक बना दिया। सुबह साढ़े सात बजे मुख्य चुनाव अधिकारी उदयवीर सिंह पोरिया और चुनाव अधिकारियों की देखरेख में वोटिंग शुरू हुई तो अधिवक्ताओं की कतारें देखने को मिलीं। तमाम उम्मीदवारों और उनके समर्थकों ने सुबह से ही मोर्चा संभाल लिया था। हांडा हाल के बाहर टेबिल पर समर्थक जमे थे। प्रत्याशी हर आने वाले अधिवक्ता को अपने हैंडबिल देकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह करते दिखाई दिए। अध्यक्ष पद के तमाम प्रत्याशी पूर्व अध्यक्ष अनिल जिन्दल, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, मौ. अन्जुम खां, अर्जुन सिंह, और सुरेन्द्र पाल मैनवाल और महासचिव पद के दावेदार जितेन्द्र कुमार, नवाब अली चौधरी, प्रदीप कुमार मलिक, विकास त्यागी और सुरेन्द्र कुमार मलिक अपने समर्थकों के साथ सबसे अधिक सक्रिय नजर आए। इसके अलावा अन्य पदों के प्रत्याशी भी इस मौके पर पूरे सक्रिय दिखाई दिए। सुबह से लेकर शाम तक बिना थके तमाम दावेदारों ने वोटिंग में अपनी पूरी ताकत ोंकी। शाम मतदान संपन्न होने के बाद बताया गया कि 2382 में से 1911 अधिवक्ताओं ने अपना वोट डाला। अधिवक्ताओं की सक्रियता का आलम यह था कि लंच ब्रेक के दौरान भी उम्मीदवार और उनके समर्थक अपने पक्ष में वोटिंग के लिए अधिवक्ताओं को आकर्षित करने में जुटे रहे। अपराह्न के समय कुछ अधिवक्ताओं का जोश इतना बढ़ा कि इसे लेकर एक बार विवाद की स्थिति बनती नजर आई, हालांकि वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मामले को आगे बढ़ने से बचाया। इसके चलते थोड़ी देर के लिए

**कुल 2382 में से 1911 अधिवक्ताओं ने डाला वोट**



शेष समाचार पृष्ठ-4 पर

# भारतीय पासपोर्ट मजबूत, पांच पायदान सुधरी रैंकिंग : 56 देशों में वीजा फ्री एंट्री

## - पाकिस्तान की पोजिशन फिलिस्तीन और नार्थ-कोरिया से भी नीचे




**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसी)।** नई रैंकिंग के मुताबिक, भारतीय नागरिक अब 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल यात्रा कर सकते हैं। भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी 2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है। साल की शुरूआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है। इससे पहले 2025 में यह 85वें स्थान पर था, जिससे कुल मिलाकर 10 स्थानों की छलांग लगी है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया भर के लगभग 200 देशों के पासपोर्ट को रैंक करता है। यह रैंकिंग इस बात पर आधारित होती है कि उस देश के पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना वीजा के या वीजा ऑन अराइवल के साथ जा सकते हैं। भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है। यह रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के ट्रैवल आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाती है। इस इंडेक्स में पाकिस्तानी पासपोर्ट 97वें नंबर है। उसकी पोजिशन फिलिस्तीन (91), नार्थ कोरिया (94) और सोमालिया (96) से भी नीचे है।

# मेरठ में रोडवेज बस-बाइक की टक्कर:दो चचेरे भाइयों की मौत





**मवाना, 13 फरवरी (एजेंसी)।** शुक्रवार को मेरठ रोड पर एक रोडवेज बस और अपाचे बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बस का चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अपाचे बाइक सवार युवक मेरठ की दिशा में जा रहे थे, जबकि रोडवेज बस मवाना की ओर आ रही थी। शाम करीब 4:30 बजे रिलायंस पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल सहायता का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपाचे बाइक सवार युवक मेरठ की दिशा में जा रहे थे, जबकि रोडवेज बस मवाना की ओर आ रही थी। शाम करीब 4:30 बजे दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल सहायता का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान आहद पुत्र एहसास और उमर पुत्र गुलफाम, निवासी आशियाना कॉलोनी, लिसाड़ी गेट, मेरठ के रूप में हुई है। मृतकों के ताऊ के बेटे नावेद अंसारी पुत्र मुस्तफा अंसारी ने दोनों की शिनाख्त की। परिजनों के अनुसार, आहद सिलाई का कार्य करता था, जबकि उमर पावरलूम पर काम करता था। दोनों आपस में चचेरे भाई लगते थे और एक ही परिवार से संबंधित थे। असमय मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# शराब समझकर जहरीला केमिकल पीया, 4 की मौत




**भीलवाड़ा, 13 फरवरी (एजेंसी)।** राजस्थान के भीलवाड़ा में 5 लोगों ने शराब समझकर जहरीला केमिकल पी लिया। इनमें तीन महिलाओं सहित 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार सभी मजदूर हैं और शादी वाले घर से शराब की बोतलें समझकर ये केमिकल ले आए थे। हादसा जिले के अलोली गांव में गुरुवार देर रात को हुआ। आलोली निवासी हरदयाल सिंह ने बताया - 10 फरवरी को परिवार में शादी थी। घर के बाहर खेत में पांडाल लगाया गया था। अगले दिन कुछ लोग खाने लेने घर आए और यहां साफ-सफाई की। बर्तन साफ करने के लिए केमिकल मंगवाया गया था। घर लौटते समय वे कई बोतलें अपने साथ ले गए। आशंका है कि 12 फरवरी की शाम को घर पर इनमें से कुछ लोगों ने ये केमिकल पी लिया था। 4 लोगों की मौत की जानकारी के बाद शुक्रवार सुबह एफएसएल की टीम सैंपल लेने बस्ती में पहुंची। टीम ने केमिकल से भरी एक बोतल भी मौके से जब्त की। 4 लोगों की मौत की जानकारी के बाद शुक्रवार सुबह एफएसएल की टीम सैंपल लेने बस्ती में पहुंची। टीम ने केमिकल से भरी एक बोतल भी मौके से जब्त की। कुछ मिनटों बाद ही इनकी हालत बिगड़ने लगी। पड़ोसियों ने उन्हें गंगापुर हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां गुरुवार रात को जमनी (60) शंकर कंजर, रतन (42) पुत्र मिश्री लाल कंजर और उसकी पत्नी सुशीला (40) की मौत हो गई। वहीं, दो महिलाओं को भीलवाड़ा के हॉस्पिटल रेफर किया था। इनमें बादामी (60) पत्नी जानकी लाल ने रास्ते में दम तोड़ दिया। सनू (22) पत्नी पप्पू लाल कंजर की हालत गंभीर है।

# 1 मार्च को संगीत सोम के होली मिलन कार्यक्रम में जुटेंगे 1 लाख लोग





## दौराला के मंगलम फार्म्स में सम्पन्न होगा कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** सरधना विधायक संगीत सोम गुरूवार को मेरठ स्थित अपने आवास पर ग्राम प्रधानों व अपने नजदीकी कार्यकर्ताओं की लगभग एक हजार से अधिक लोगों की जनसभा की। जनसभा के दौरान सरधना व आसपास के क्षेत्र के ग्राम प्रधान व मुजफ्फरनगर तक के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि पिछले वर्ष हम लोगों ने तीन दिन पहले होली मिलन कार्यक्रम की तैयारी की थी जिसमें 25 हजार लोग जुटे थे। इस बार यह तैयारी बीस दिन पहले की जा रही है। एक लाख कार्ड छपवाए गए हैं और व्यक्तिगत नाम से सभी कार्ड उनके विधानसभा क्षेत्र के अतिरिक्त मुजफ्फरनगर में भी भेजे जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह होली मिलन कार्यक्रम आज तक का देश का सबसे बड़ा होली मिलन कार्यक्रम होगा, जिसमें साधू-संत, राजनीतिक लोग व देश को आगे बढ़ाने वाले लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मैंने इस कार्यक्रम में मुसलमानों को आमंत्रित नहीं किया है, क्योंकि जो होली नहीं खेलता, उसे आमंत्रित नहीं करना चाहिए। आए हुए प्रधानों से उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि यदि मुझे आशीर्वाद देना चाहते हैं तो प्रत्येक बूथ से पांच ढोल लेकर नाचते-गाते रंग उड़ाते हुए दौराला के मंगलम फार्म्स में भारी संख्या में पहुंचे और आए हुए अतिथियों का उद्बोधन अवश्य सुनें।

# पूर्व विधायक के बेटे से ईडी व आयकर जांच का डर दिखाकर 90.95 लाख की ठगी



**सहारनपुर, 13 फरवरी (एजेंसी)।** थाना सदर बाजार में मिशन कंपाउंड निवासी पूर्व विधायक लाज कृष्ण गांधी के बेटे संजय गांधी से ईडी व आयकर जांच का डर दिखाकर 90.95 लाख रुपये की ठगी कर ली। दो साइबर ठगों ने ऑनलाइन निवेश में ज्यादा मुनाफा का झांसा दिया। साइबर क्राइम पुलिस ने सूरत के दो साइबर ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिशन कंपाउंड निवासी पीड़ित संजय गांधी ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर देकर बताया कि जुलाई 2025 में विक्रम नामक व्यक्ति का फोन आया था, जिसने खुद को सूरत निवासी बताते हुए एटोरो फाइनेंशियल कंपनी लिमिटेड से जुड़ा होना बताया। आरोपी ने जीजीएफपी नामक सॉफ्टवेयर एप के माध्यम से निवेश योजना की जानकारी दी। अधिक व सुनिश्चित लाभ का झांसा दिया। शुरूआत में 19 जुलाई 2025 को 10 हजार रुपये एक खाते में ट्रांसफर कराए गए। इसके बदले में 11,866 रुपये वापस भेजकर विश्वास हासिल किया। इसके बाद विभिन्न व्यक्तियों और बैंक खातों में कई किस्तों में बड़ी धनराशि ट्रांसफर कराई गई। शुरू में मामूली लाभ लौटाकर योजना को विश्वसनीय दिखाया गया, लेकिन बाद में बड़ी रकम रोक ली गई। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने रकम वापस मांगी तो केवाईसी और अन्य औपचारिकताओं का हवाला देकर और धन जमा कराने का दबाव बनाया गया। इसके साथ ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग की जांच का डर दिखाकर धमकाया गया। आरोप है कि प्रतिदिन नए बहाने बनाकर अतिरिक्त धनराशि की मांग की जाती रही। जुलाई से दिसंबर तक 90.95 लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराए गए। बाद में ठगी होने का पता चला। इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने सूरत निवासी विक्रम और कुलदीप कौर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि बैंक खातों और डिजिटल प्लेटफॉर्म की जांच कर आरोपियों की पहचान की जाएगी।

# हजारीबाग में हाथियों ने 6 लोगों की ली जान

## - घर में सो रहे लोगों पर झुंड ने किया हमला, मृतकों में एक साल का बच्चा भी



**हजारीबाग, 13 फरवरी (एजेंसी)।** हजारीबाग में गुरुवार की देर रात हाथियों के झुंड ने 6 लोगों को कुचल कर मार डाला। मृतकों में एक साल बच्चे से ले कर 50 साल के ऊपर तक के लोग शामिल है। घटना अंगो थाना एवं चुरचू प्रखंड के गोंदवार गांव की है। मरने वालों में सुमन कुमारी (26), धनेश्वर राम (52), सूरज राम (50), सविता देवी (25) एवं दो छोटे बच्चे अनुराग राम (1) और संजना कुमारी (3 माह) शामिल है। घटना के वक्त सभी लोग अपने घरों में सो रहे थे। मृतकों में सूरज राम, सविता देवी, अनुराग राम और संजना कुमारी एक ही परिवार के हैं।

# कन्फर्म हुआ- इमरान की एक आंख की 85% रोशनी खत्म



**पाकिस्तान, 13 फरवरी (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की एक आंख की करीब 85% रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे। अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई। जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया। डॉक्टरों ने पाया कि उनकी आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ। इलाज और इंजेक्शन देने के बाद भी उनकी दाईं आंख में अब सिर्फ लगभग 15% रोशनी बची है। वहीं इमरान का कहना है उन्हें निजी डॉक्टर से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई है।

# अतिक्रमण बता दुकानों को तोड़ने का मामला, उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने वारंट किया जारी

**बुढ़ाना, 13 फरवरी (बुस.)।** कस्बा बुढ़ाना की कुरैशियों वाली पुलिया पर नगर पंचायत बुढ़ाना के द्वारा निर्मित की गयी दुकानों को विगत दिवस नगर पंचायत द्वारा ही अतिक्रमण बताकर ध्वस्त कर देने और दुकानदारों के द्वारा मांगे जाने वाले मुआवजा प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा नगर पंचायत अधिकारी के वारण्ट जारी किये गये। बीते वर्ष 1996 में नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा कुरैशियों वाली पुलिया पर लगभग 07 दुकानों का नगर पंचायत की ओर से निर्माण कराया गया था, जिसको प्रीमियम लेकर तथा प्रतिमाह किराया तय करके राम गोपाल सैनी, अमित सैनी, मतलूब कुरैशी, मौहम्मद कुरैशी, इरफान उर्फ फानू कुरैशी और बाबू अहमद आदि लोगों को दुकानों को आवंटित किया गया था, परन्तु वर्ष 2017 में नगर पंचायत बुढाना के द्वारा उक्त दुकानों को अतिक्रमण बताया जाने लगा तथा उसी वर्ष में इन समस्त दुकानों को बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया गया था और ना तो इन दुकानदारों को कोई दुकानें दी गयी और न ही कोई मुआवजा दिया गया और इन समस्त दुकानदारों की प्रीमियम की धनराशि लगभग 15 लाख रुपए नगर पंचायत कोष में जमा हैं। स्थानीय स्तर पर एवं जिला स्तर पर एहतशाम सिद्दकी एडवोकेट के नेतृत्व में आवाज उठायी गयी और पत्राचार किया गया, परन्तु इस ओर नगर पंचायत बुढ़ाना एवं प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। नगर पंचायत बुढ़ाना एवं स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली के विरूद्ध एक याचिका पीड़ित दुकानदारों के मुआवजा लेने के लिए माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट योजित की गयी, जो कि लगभग डेढ़ वर्ष से नगर पंचायत बुढ़ाना की उदासीनता के कारण लम्बित चली आ रही थी। शुक्रवार को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा नगर पंचायत बुढ़ाना की कार्यशैली को देखते हुए नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिकारी के विरूद्ध वारण्ट जारी किये गये हैं तथा वारंट की कार्यवाही के लिए सम्बन्धित मुख्य न्यायाधीश को निर्देशित किया गया है तथा अगली डेट माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आगामी 30 मार्च नियत की गयी है।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 158000 | चांदी- | 253000 |
| सिक्का- | 2745 | गिन्नी- | 116975 |

## आपका आज का राशिफल

**शनिवार, 14 फरवरी, 2025**

**मेष-** समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।

**वृषभ-** आथक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

**मिथुन-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।

**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।

**सिंह-** चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।

**कन्या-** समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।

**तुला-** लाभ का सुयोग, आथक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।

**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।

**धनु-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धामक गतिविधियों में रुचि।

**मकर-** व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।

**कुम्भ-** कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।

**मीन-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

# जनप्रतिनिधि नहीं निकले किसी भी काम के....

## - खुद ग्रामीणों ने जौला को चमकाने का कार्य किया शुरू - स्वच्छता को लेकर स्कूली बच्चों संग निकाली रैली



**बुढ़ाना, 13 फरवरी (बुस.)।** बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला में कई दिनों से हजारों ग्रामीण खुद ही पूरे गांव में जगह-जगह टोलियां बनाकर साफ-सफाई कर रहे हैं। जन प्रतिनिधियों के खोखले दावों से आजिज होकर ग्रामीणों ने एक बड़ी सामूहिक पंचायत कर यह निर्णय इसी माह लिया था कि वे अब खुद ही गांव में साफ-सफाई करके इस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को किसी भी सूरत में पलीता लगाने नहीं देंगे और आज इस अभियान को पूरे 13 दिन हो गये हैं, जिसमें रोजाना हर मौहल्ले में हजारों ग्रामीण निकम्मे सफाई कर्मचारियों को दर किनार कर खुद ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से गलियों में फैली गंदगी को दूर करने का सफल प्रयास कर रहे हैं। यह अभियान शायद इस जिले में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में सिर चढ़कर बोल रहा है और इसमें ग्रामीण श्रमदान कर अपने गांव जौला को बिना आलस्य किए चमका रहे हैं। सफाई के प्रति लोग लगातार जागरुक रहें और गांव स्वच्छ रहे इसके लिए गांव के मास्टर रईस खाकसार व मास्टर रामकुमार के संयुक्त नेतृत्व में शुक्रवार के दिन पूरे गांव में कई स्कूलों के हजारो बच्चों को साथ लेकर स्वच्छता जागरुकता अभियान को लेकर एक विशाल रैली भी निकाली गयी, जिसमें बच्चों ने अपने हाथों में स्वच्छता संबंधी नारे लिखी तख्तियां लेकर ग्रामीणों को साफ सफाई के लिए जागरुक किया, जिसमें गांव जौला के कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हजारों की संख्या में जौला के पूर्व प्रधान बाबा मुन्ना के नेतृत्व में बड़े बिजलीघर से रैली का शुभारंभ किया। स्कूली बच्चों ने नारों की तख्तियां पकड़कर जोरदार नारों के साथ गली मौहल्ले वालों को जागरूक किया। रैली में मास्टर यामीन, मुफ्ती आजाद, मास्टर रिजवान, कारी फरमान, डॉ. हुसैन, डॉ. रिजवान, अब्दुल जब्बार, रहीस भड़ाना, गुलरेज राणा एडवोकेट, इसराइल चेयरमैन, राशिद राणा, राव आमिर पुंडीर, बाबा ठाकुर ठाठ सिंह व जीशान अहमद सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्कूल वैन ने विधवा महिला की ई-रिक्शा में मारी टक्कर

## - एसएसपी दरबार पहुंची पीड़ित महिला ने उठाई कार्रवाई की मांग




**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** थाना नई मंडी क्षेत्र के ग्राम मेघाखेड़ी निवासी विधवा महिला सोनिया ने शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पर पहुंचकर जानसठ रोड स्थित स्कूल लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के वैन चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया। महिला का आरोप है कि इस दुर्घटना में उन्हें चोटें आई और उनकी ई-रिक्शा को भी भारी नुकसान पहुंचा। उक्त मामले में पीड़िता सोनिया ने मामले की शिकायत एसएसपी से करते हुए निष्पक्ष जांच के साथ उचित कार्रवाई की मांग की। एसएसपी कार्यालय पहुंची पीड़ित महिला सोनिया का आरोप है कि उक्त स्कूल वैन चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों में इस घटना से नाराजगी देखी गई। मामले की जांच शुरू कर दी है, जबकि स्कूल प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन लगातार उन्हें दबाव में रखने की कोशिश कर रहा है, लेकिन लापरवाही से वाहन चलाने वाले आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग पर अड़ी हैं।

# ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' का आयोजन हुआ



**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बुस.)।** ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों की अनुमति से एल्बेंडाजोल की गोली वितरित की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हेड मिस्ट्रेस जूनियर विंग ममता चौहान एवं एडमिशन इंचार्ज कंचन सोनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल दवा के लाभों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि यह दवा पेट के कीड़ों से बचाव करती है। पोषण में सुधार लाती है और बच्चों के शारीरिक विकास में सहायक होती है। साथ ही स्वच्छता, साफ पानी और नियमित हाथ धोने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के विकास और स्वच्छता के प्रति विद्यालय निरंतर जागरूकता अभियान चलता रहेगा।

## खतौली पुलिस ने खोई बच्चियों परिजनों के सुपुर्द की

**खतौली, 13 फरवरी (बु.)।** पुलिस द्वारा गुमशुदा हूरेन पुत्री मोहम्मद जावेद निवासी लाल मोहम्मद मोहल्ला कस्बा खतौली मुजफ्फरनगर उम्र 3 वर्ष व जैनब पुत्री मेहराजुद्दीन निवासी खिरवा थाना सरधना मेरठ उम्र 3 वर्ष को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपर्द किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी खतौली व प्रभारी निरीक्षक खतौली के नेतृत्व में थाना खतौली पुलिस द्वारा दिनांक 13 फरवरी को नाबालिग जैनब व हूरेन समय करीब 6.00 बजे घर से खेलते खेलते बाहर आ गई थी, जो अपना पता बताने में असमर्थ थीं, जिन्हें पुलिस ने अपनी सुपर्दगी में लेते हुए महिला कांस्टेबल की निगरानी में मिशन शक्ति केंद्र पर बिठाया व पुलिस द्वारा इनके फोटो लेकर अथक प्रयास कर कुछ घंटे के अंदर बच्चियों के परिवार को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। बच्चियों को बरामद करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक खुशबू कुमारी, हैड कांस्टेबल जितेंद्र व महिला कॉन्स्टेबल कोमल शामिल रहे।

# महाराजा सूरजमल की जयंती हवन व विचार गोष्ठी कर मनाई



**सिखेड़ा, 13 फरवरी (बुस.)।** क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में भरतपुर के प्रख्यात शासक महाराजा सूरजमल की 129वीं जयंती हवन-पूजन कर श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन से हुआ, जिसके यजमान चौधरी राजवीर सिंह रहे। हवन के उपरांत विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने महाराजा सूरजमल के साहस, कुशल नेतृत्व और समाजहित में किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने सदैव सामाजिक एकता और स्वाभिमान की राह दिखाई, जिसे आज भी अपनाने की आवश्यकता है। गोष्ठी के बाद शिवसेना जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने उपस्थित लोगों से अपील की कि इस वर्ष महाराजा सूरजमल की यात्रा, जो गत वर्षों की भांति निकाली जाती रही है, उसे स्थगित कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि एनडीए के घटक दल से जुड़े महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन के कारण शोक की स्थिति है। इस पर आयोजकों ने सहमति जताते हुए स्थगित करने की घोषणा की। कार्यक्रम में चौधरी राजवीर सिंह, चौधरी इकराम सिंह, चौधरी विनोद सिंह, उदयवीर सिंह, सुभाष पवार, चौधरी सूरज सिंह, नरेंद्र सिंह, कृष्ण पवार, बाबा एलू पवार, हिमांशु पवार, सचिन पवार, चौधरी गौतम सिंह, अजब सिंह तथा चेतन देव विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# साइबर हेल्प डेस्क ने ठगी की रकम वापस कराई

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** बुढ़ाना थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर शोएब निवासी बुढ़ाना ने शिकायत करते हुए जानकारी दी कि उसके साथ अज्ञात आरोपियों ने साइबर ठगी करते हुए बैंक खाते से 36 हजार रुपए निकाल लिए हैं। साइबर हेल्प डेस्क ने कार्रवाई करते हुए उसकी समस्त धनराशि वापस करा दी है। इसके अलावा मुर्शिदा निवासी खाकरोबान काशीराम थाना बुढ़ाना ने 5 हजार व संजीव शर्मा निवासी मास्टर कॉलोनी ने 30 हजार रुपए बैंक खाते से निकालने की शिकायत की थी। साइबर हेल्प डेस्क ने दोनों की धनराशि वापस करा दी है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पेपर मिल में लगाए 350 पौधे



**सिखेड़ा, 13 फरवरी (बुस.)।** जीनस पेपर एण्ड बोर्डस लिमिटेड में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण का अभियान शुरू किया गया। महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि क्लीन जीनस ग्रीन जीनस मुहिम के अंतर्गत इकाई प्रमुख चंद्रेश गुप्ता व कमर्शियल हैड जीसी कोठारी के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में गोपीचंद एंव उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही। इस दौरान सभी विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 350 पौधे लगाकर प्रबंधन द्वारा चलाई गई इस मुहिम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। इकाई प्रमुख द्वारा अपने संबोधन में सभी से अपील की गई कि वह अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पौधारोपण कर वातावरण को शुद्ध एवं जीवन योग्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान अवश्य देते रहें।



# क्राइम इंस्पेक्टर ने 03 लोगों के चेहरे खिलाए, फ्रॉड करके निकाली गई धनराशि कराई वापस

**बुढ़ाना, 13 फरवरी (बुस.)।** कोतवाली बुढ़ाना में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने अपनी सफल मेहनत के जरिए उन तीन लोगों के चेहरे खुशी से खिला दिए, जिनके खातों से विगत दिवस धोखाधड़ी से 71 हजार रुपये गायब हो गये थे। तीनों पीड़ितों ने क्राइम इंस्पेक्टर को इसके लिए धन्यवाद किया है। पहली घटना सोएब पुत्र जमील निवासी बुढ़ाना के साथ विगत दिवस हुई थी, जिसमें साइबर क्राइम के तहत ठगों ने उसके खाते से 36 हजार रुपये की धनराशि साफ कर दी थी। दूसरी घटना मुर्शिदा बेगम निवासी मौहल्ला खाकरोबान बुढ़ाना के साथ विगत दिवस हुई थी, जिसमें उसके खाते से 05 हजार रुपये की नगदी साफ हो गयी थी। तीसरी घटना बुढ़ाना कस्बे के मास्टर कालोनी निवासी संजीव शर्मा के साथ विगत दिनों हुई थी, जिसमें उनके खाते से 30 हजार रुपये की नकदी साफ हो गयी थी। बुढ़ाना कोतवाली में साइबर हैल्प डेस्क पर जब इन तीनों शिकायतों का प्रार्थना पत्र आया, तो क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने अपने पुराने अनुभवों के आधार पर सफल प्रयास करते तीनों पीड़ितों के बैंक के खाली खाते फिर से भर दिए और तीनों पीड़ितों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। शुक्रवार के दिन तीनों पीड़ितों को बुढ़ाना कोतवाली में बुलवाकर उनकी धनराशि उनके खातों में वापस भिजवा दी। क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने तीनों पीड़ितों के साथ-साथ आम नागरिकों से भी जनहित में अपील करते हुए कहा कि प्रलोभन में आकर वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें। अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी व सीवीवी नंबर आदि किसी के साथ भी साझा न करें। साइबर फ्रॉड धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें अथवा फिर मुजफ्फरनगर साइबर सेल 9454401617 या निकटतम थाने पर स्थित साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें। धनराशि वापस कराने वाली साइबर टीम में क्राइम इंस्पेक्टर के साथ साथ उनके सहयोग में कम्प्यूटर ऑपरेटर विपिन कुमार, ज्ञानेन्द्र कुमार और महिला कांस्टेबल दीपा भी रही।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली का निरीक्षण किया गया

**खतौली 13 फरवरी (बु.)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, वार्ड, लेबर रूम, दवा वितरण केंद्र, पैथोलॉजी एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा के नेतृत्व में डॉ. चारू तथा डॉ. शिखा के द्वारा कुल 56 महिला नसबंदी ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। ऑपरेशन निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्थाओं, उपकरणों की उपलब्धता, स्वच्छता एवं संक्रमण नियंत्रण की व्यवस्थाओं का भी विशेष निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने कहा कि परिवार नियोजन सेवाएं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने समस्त स्टाफ को निर्देशित किया कि अस्पताल में स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता, अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण एवं मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले चौकीदारों को साइकिल व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले के चौकीदारों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले चौकीदारों को प्रोत्साहित करते हुए साइकिल व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया, वहीं सभी को टॉर्च भी वितरित की गयी। शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जिले के सभी थानों के चौकीदारों के साथ गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने चौकीदारों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों की समय पर जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराने, आपराधिक प्रवृत्तियों पर सतर्क दृष्टि रखने निर्देश दिए। एसएसपी द्वारा चौकीदारों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि चौकीदार पुलिस और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं तथा उनकी सक्रियता से अपराध नियंत्रण में सहायता प्राप्त होती है। इस अवसर पर एसएसपी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले चौकीदारों को प्रोत्साहित करने हेतु साइकिल तथा नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा सभी को टॉर्च वितरित की गयी। कार्यक्रम के दौरान एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ, एएसपी सिद्धार्थ के मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह मौजूद रहे।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

